हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 28 जून 2025

12 एक माह 14 दिन बाद विधायक निवास के साथ...



12 दो दिवसीय म्यूजिक प्रतियोगिता और वर्कशॉप में...



## खबर संक्षेप

### ट्री कटिंग के चलते बिजली सुबह नौ बजे से रहेगी बंद

**भिवानी।** शनिवार 28 जून को 33केवी सब स्टेशन हुडा की बिजली सप्लाई सुबह नौ बजे से साढ़े 12 बजे तक बंद रहेगी, जिसके चलते इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। जेई पवन कुमार ने बताया कि शनिवार 28 जून को 33केवी सब स्टेशन हुडा लाइन पर ट्री कटिंग का कार्य किया जाना हैं, जिसकी वजह से इसके अंतर्गत आने वाले सेक्टर 13, सेक्टर 23, राजीव कॉलोनी, पटेल नगर, विद्या नगर, गुजरानी गांव की बिजली बंद रहेगी।

### सड़क हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

**तोशाम।** 25 जून को तोशाम क्षेत्र में हुए हादसे में गाड़ी पलटने से गाड़ी चालक विनय की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं गंभीर रूप से घायल गौरव शर्मा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस हादसे में उमेद नामक युवक भी गंभीर रूप से घायल हुआ। गाड़ी मालिक अशोक कुमार ने बताया कि बुधवार दोपहर को घटना तब हुई जब हिसार-हांसी बाईपास पर अचानक एक आवारा पशु सडक़ पर आ गया।

### करंट लगने से श्रमिक की मौत

**चरखी दादरी।** गांव आदमपुर दाढ़ी में करंट लगने से श्रमिक की मौत हो गई। मृतक श्रमिक बिजली लाइन में अर्थिंग का कार्य कर रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई की है। जानकारी अनुसार राजस्थान के झुंझनू जिला के बुढ़नपुरा निवासी संजय दो दिन पहले काम के लिए आदमपुर दाढ़ी गांव आया था।

### बाढ़ नियंत्रण उपायों को लेकर तुरंत करें तैयारी

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बाढ़ नियंत्रण से जुड़े उपायों को लेकर जिला के सभी कार्यालयों को तुरंत तैयारी करने के निर्देश दिए हैं और कहा है कि देरी के लिए संबंधित कार्यालय अथवा अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। कोताही के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट कर अपहरण के मामले में एक गिरफ्तार

**भिवानी।** लोहारू बस स्टैंड से सरेआम फिल्मी अंदाज में एक युवक के साथ मारपीट कर अपहरण किए जाने के मामले में पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान समीपवर्ती गांव खोरड़ा के ललित पुत्र औमप्रकाश के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एस आई रोहताश ने बताया कि आनंद वासी झूंझनू का वीरवार को आरोपियोन ने मारपीट करके अपहरण कर लिया था। अपहरण करने वाले युवकों की गाड़ी को गत करीबन डेढ़ माह पूर्व किराए पर लेकर चोरी कर लिया था। इस मामले में राजस्थान के बुहाना में आंनद के खिलाफ गाड़ी चोरी का केस दर्ज किया गया था जिसमें वह वांटेड चल रहा था।

### अभ्यर्थियों को देना होगा स्पष्टीकरण पत्र

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ॰ मुनीश नागपाल ने आज यहाँ एक प्रेस वक्तव्य में संयुक्त रूप से बताया कि कुछ अभ्यर्थियों द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 के लिए एक लेवल के लिए एक से अधिक बार ऑनलाइन आवेदन/रजिस्ट्रेशन किया गया है, उनके आवेदन /रजिस्ट्रेशन रद्द किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे अभ्यर्थी इस संदर्भ में अपना स्पष्टीकरण 02 जुलाई, 2025 तक ई-मेल आई.डी. के माध्यम से बोर्ड कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें।

## बाजार के बीच चालान काटने से व्यापारियों को नुकसान

# मांगों को लेकर दुकानदारों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

बाजार के बीचो-बीच काटे जा रहे चालान से व्यापारियों और नागरिकों को हो रही परेशानी: सुनील सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर एसपी को मांगपत्र सौंपते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

शहर की अव्यवस्थित यातायात प्रणाली और बाजारों के बीचों-बीच पुलिस द्वारा काटे जा रहे चालानों के विरोध में श्री अग्रवाल सभा भिवानी के प्रधान सुनील सर्राफ के नेतृत्व में सभा के अन्य सदस्यों व व्यापारियों ने शुक्रवार को भिवानी के पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह से मुलाकात की तथा ज्ञापन सौंपा। अग्रवाल सभा का कहना है कि बाजार के ठीक बीच में पुलिस द्वारा चालान काटने से व्यापारियों और नगरवासियो को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इस मौके पर श्री अग्रवाल सभा भिवानी के प्रधान सुनील सर्राफ ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था पहले से ही चरमराई हुई है। संकरी सडक़ें, अतिक्रमण और उचित पार्किंग सुविधाओं की कमी के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।

ऐसे में जब ग्राहक बाजार में खरीदारी करने आते हैं और अपने वाहनों को कुछ देर के लिए सड़क किनारे या अस्थाई रूप से खड़ा करते हैं, तो पुलिस द्वारा तुरंत चालान काट दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस कार्रवाई से ग्राहक डरकर बाजारों में आने से कतराने लगे हैं। नतीजतन, व्यापारियों की बिक्री में भारी गिरावट आई है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वही जब व्यापारियों को भी अपने प्रतिष्ठान से कुछ दूरी पर जाना पड़ता है तो भी उनके चालान कर दिए जाते है। जिससे ना केवल शहरवासियों, बल्कि व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पुलिस को यातायात प्रबंधन पर अधिक ध्यान देना चाहिए और चालान काटने की बजाय जागरूकता फैलाने और पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था सुझाने पर जोर देना चाहिए। इस अवसर पर महामंत्री दिवाकर जैन, कोषाध्यक्ष मनीष वैद, सहसचिव मनीष , कार्यकारी सदस्य आशीष मित्तल , विजय , सुरेश , राम अवतार गुप्ता, रितेश मित्तल, आशीष बंसल, दिनेश गोयल,विजय कागजी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने दिया आश्वासन

श्री अग्रवाल सभा ने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और बाजार के बीचों-बीच चालान काटने की प्रक्रिया पर रोक लगाएं। पुलिस अधीक्षक ने अग्रवाल सभा की मांग को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया और कहा कि वे इस मुद्दे पर विचार करेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे।



**भिवानी।** मांगों को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते एक वक्ता। *फोटो: हरिभूमि*

# निजीकरण का आमजन पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है सरकार: गोयत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों में कन्वेंशन हुई आयोजित

बीटीएम चौक स्थित सिटी डिवीजन कार्यालय में शुक्रवार को सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर्ज यूनियन की कन्वेंशन का आयोजन सर्कल सचिव अशोक गोयत की अध्यक्षता में हुआ। कन्वेंशन में राज्य कमेटी की तरफ से राज्य कमेटी कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, राज्य ऑडिटर धर्मबीर भाटी, राज्य उपप्रधान राजेश सांगवान, राज्य सचिव लोकेश, राज्य कमेटी सदस्य चांदराम, विजय जांगड़ा ने संयुक्त ब्यान में कहा कि केंद्र सरकार बिजली के ढ़ांचे को अपने चहेते पूंजीपतियों के हवाले करने जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली का पूरा विभाग मुनाफे में चलते हुए भी किसानों व जनता के विरोध होने के बावजूद भी जबरदस्ती विभाग का निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बिजली क्षेत्र निजी कंपनियों के हाथों में जाने के बाद आमजनता व किसानों को मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाएगी और बिजली के दाम बढ़ेंगे। जिससे आमजन पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। लेकिन इसके बावजूद भी सरकार अपने चहेते पूंजपीतियों को लाभ पहुंचाने के लिए आमजन व बिजली विभाग कर्मचारियों के हितों पर कुठराघात कर रही है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जएगा तथा सरकार की इस तानशाही के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाई जाएगी। इसी के चलते बिजली विभाग कर्मचारियों ने 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढक़र भाग लेने का आह्वान किया है, ताकि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई जा सकें। इस अवसर पर अभिषेक शर्मा, सिटी यूनिट भिवानी प्रधान रविंद्र यादव, सब अर्बन प्रधान सुरेश हरिया, दादरी यूनिट प्रधान सतेंद्र, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला कोषाध्यक्ष सुमेर आर्य, शिक्षा विभाग यूनियन के राज्य प्रधान सतवीर स्वामी, सब यूनिट प्रधान तोशाम-1 रामपाल, तोशाम-2 रामलाल, भिवानी प्रधान मनदीप दलाल, शमशेर, सतीश फोरमैन, बहल प्रधान पंकज, सिवानी प्रधान सोमबीर, लोहारू प्रधान राजेश, ढिग़ावा प्रधान राकेश, जुई प्रधान अनिल फोरमैन सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप

- पुलिस पर सरपंच प्रतिनिधि से अटपटे सवाल पूछकर दबाव बनाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

मई महीने में सिवानी थाने के कर्मचारियों द्वारा चनाना की पंचायत के कपड़े निकलवाकर अंदर बैठाने के मामले में शुक्रवार को तोशाम डीएसपी ने पंचायत को कार्यालय में बुलाया। चनाना के सरपंच प्रतिनिधी ने आरोप लगाया कि डीएसपी द्वारा उसको कार्यालय में बुलाकर दबाब बनाया व इस मामले से संबधित पुलिस कर्मचारियों को भी पहले से वहां बैठाया गया। जिनके द्वारा सरपंच प्रतिनिधि पर दबाब बनाकर तरह तरह के सवाल पूछने का आरोप लगाया। मई माह मे चनाना के सरपंच प्रतिनिधी रोशन लाल ने रमेश एएसआई व संदीप सिंह के उपर थाना में बुलाकर दरियापुर व चनाना के आपसी मामले में कपड़े निकलवाकर अंदर बैठाने का आरोप लगाया था। चनाना की पंचायत ने बताया कि डीएसपी दलीप सिंह तोशाम ने अपने कार्यालय में चनाना की पंचायत को कपड़े उत्तरवाने वाले मामले में बुलाया था। उन्होंने बताया कि इस मामले से संबधित पुलिस कर्मचारी संदीप सिंह व रमेश चहल को भी बुला रखा था । डीएसपी ने सरपंच प्रतिनिधि रोशन लाल को अन्दर बुलाया और बयान दर्ज करवाने को कहा। जिस कमरे में रोशन लाल को बुलाया वहां पर दोनों पुलिस कर्मचारी पहले से मौजुद थे।

### सरपंच प्रतिनिधि पर सवाल जबाव के जरिए दबाव बनाया

*पंचायत ने आरोप लगाया कि उन्होंने सरपंच प्रतिनिधि पर दबाब बनाकर सवाल-जवाब करना शुरू कर दिए। उन्होंने उक्त मामले को लेकर अलग तरह के सवाल करने शुरू कर दिए और सरपंच प्रतिनिधि पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। जबकि पंचायत के सभी सदस्यों को बाहर बैठाकर रखा गया। पंचायय ने बताया कि तकरीबन एक घंटे तक सरपंच प्रतिनिधि को अन्दर बैठाकर दोनों पुलिस कर्मचारियों द्वारा गुमराह करने की कोशिश की गई।*

### क्या कहते है अधिकारी

*इस मामले में डीएसपी दलीप सिंह ने बताया कि दबाव नहीं बनाया गया। उस पक्ष द्वारा इंक्वायरी खुलवाई गई थी। उसी मामले में उनका पक्ष के ब्यान लिए जा रहे थे। जिसके बाद ही मामले में कार्रवाई शुरू होती है।*

# विद्युत कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

- विद्युत कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** मांगों को लेकर उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए।

कस्बे की दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के उप मंडल कार्यालय के प्रांगण में शुक्रवार भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कर्मचारियों से संबंधित अनेक मांगों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान नरेश कुमार ने तथा मंच संचालन सब यूनिट सचिव नरेंद्र ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नरेश कुमार ने कहा कि सरकार समय पर कर्मचारियों के हित की योजनाएं लागू कर रही है। इस योजना के तहत सरकार ने 5 वर्ष पूर्व लगे कर्मचारियों को समान काम समान वेतन का लाभ देने तथा 58 साल तक कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षित करने की योजना तैयार की हुई है। नरेश कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से एक यूनियन द्वारा कच्चे कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है यह बर्दाश्त नहीं होगा । इसके लिए उनके खिलाफ उप मंडल अभियंता राजेंद्र सिंह से मिल अपनी मांगों के लिए ज्ञापन भी दिया था। वही नरेश कुमार ने आरोप लगाया कि 33 के वी सब स्टेशन बवानी खेड़ा में कार्यरत दो अनुबंधित विद्युत कर्मचारीयो को एक यूनियन द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप बागनवाला जिला प्रधान इमरान बापोड़ा जिला सचिव अशोक कुमार वीरेंद्र सिंह सौरव सुरेश कुमार धर्म सिंह अशोक जांगड़ा विनोद ओला सहित अनेको कर्मचारी मौजूद थे।

### यह उठाई मांग

उप मंडल अभियंता से मांग की है कि 33 केवी सबस्टेशन में ड्यूटी रोस्टर लगाया जाए। वहीं दूसरी ओर कई चेहते कर्मचारी कार्यालय में बैठे हैं। वे लाइन स्टॉफ के हैं। उनकी भी लाइनों पर काम करने के लिए ड्यूटी लगाई जाए। योग्य तथा अनुभवी अधिकारी ही परमिट लेने का काम करें ताकि किसी प्रकार की कोई दुर्घटना ना हो।वहीं कर्मचारियों को सेफ्टी किट मौहिया करवाई जाए ताकि किसी प्रकार की कोई दुर्घटना ना हो तथा सबस्टेशन में खराब हुई लाइटों को शिघ्रता ही ठीक करवाया जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविद्या का सामना न करना पड़े।



**भिवानी।** बुलडोजर से अवैध निर्माण को ढहाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# अवैध निर्माणों पर डीटीपी का चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- दस्ते ने हटाई 35 डीपीसी, कच्चे रास्ते का तोड़ा नेटवर्क
- जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा अवैध निर्माण हटाने का अभियान रहेगा जारी: डीसी

शुक्रवार को नगर योजनाकार विभाग का अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला। करीब दो घंटे तक जेसीबी मशीन से दस्ते ने 35 डीपीसी व कच्चे रास्ते का नेटवर्क को हटाया। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी किया,लेकिन उनका विरोध ज्यादा देर तक नहीं टिका। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते अभियान लगातार जारी रहा। उक्त इलाके का सारा अवैध निर्माण ढहाने के बाद ही दस्ता वहां से वापस लौटा। करीब 11 बजे जिला नगर योजनाकार विभाग का दस्ता संजय मेमोरियल रोड पर पहुंचा। वहां पर अवैध रूप से काटी गई अवैध कॉलोनी के निर्माण को गिराना आरंभ किया। टीम ने मौजा भिवानी लोहड़ में संजय मेमोरियल रोड़ पर लगभग छह एकड़ में फैली दो अवैध कॉलोनी से अवैध निर्माण को हटाया गया। विभाग के मौजा भिवानी लोहड़ भिवानी संजय मेमोरियल रोड़ से 35 डीपीसी, एक अवैध निर्माण, कच्चे रास्ते नेटवर्क व डीमार्केशन को जेसीबी से तोड़ा गया। जिला नगर योजनाकर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है और इसको हटाने का यह अभियान जारी रहेगा। विभाग द्वारा इस दौरान लोगों को समझा भी जाता है कि वे जिला में अनुसूचित सड़कों की हरित पट्टी, सरकारी जमीन पर कहीं भी व किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें। उपायुक्त द्वारा अवैध निर्माण हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया।

# खम्भे लगने वाली जमीन का मिलेगा दोगुना मुआवजा: एसडीएम

- सिवानी से सोनीपत को जाने वाली बिजली लाइन के नीचे आ रहे क्षेत्र और तीन फसलों के नुकसान की भरपाई का भी मिलेगा अलग मुआवजा
- एसडीएम ने राजस्व और पावर ग्रिड के अधिकारियों की बैठक लेकर किसानों के साथ आपसी तालमेल करके यथाशीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम



**तोशाम।** राजस्व व पॉवर ग्रिड के अधिकारियों के साथ बैठक करते अधिकारी।

एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि सिवानी से सोनीपत जा रही लाइन को लेकर बिजली के खम्भे लगने वाली जमीन का किसानों को दोगुना मुआवजा मिलेगा। वहीं सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार बिजली लाइन (तारों) के नीचे के क्षेत्र और तीन फसलों के नुकसान की भरपाई का भी अलग से मुआवजा दिया जाएगा। एसडीएम ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में राजस्व विभाग और पावर ग्रिड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के साथ आपसी तालमेल करके यथाशीघ्र बिजली लाइन के कार्य को लगवाना सुनिश्चित करें। एसडीएम डॉ नैन ने कहा कि किसानों की जमीन पर जहां टावर लगेगा वहां और इसके चारों ओर एक मीटर की दूरी तक तय रेट से दोगुना मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा एक टावर से दूसरे टावर के बीच तारों के नीचे 46 मीटर चौड़ाई तक आ रही जमीन और तीन फसलों की भरपाई का भी उचित मुआवजा किसानों को मिलेगा।

### लिंगानुपात सुधारने को स्वास्थ्य विभाग सक्रीय

**ढिगावा।** बेटियों के जन्म और संरक्षण को लेकर स्वास्थ्य विभाग फिर सक्रिय हो गया है। ढिगावा जाटान पीएचसी के तहत एक विशेष कार्यक्रम हुआ। सिविल सर्जन के आदेश अनुसार और एसएमओ लोहारू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की अगुवाई डॉ. रीटा ने की। उन्होंने ग्रामीणों और आशावर्कों को लिंगानुपात के महत्व और इसके-सामाजिक प्रभावों की जानकारी दी। डॉ. रीटा ने कहा कि समाज में कई जगह बेटियों के साथ भेदभाव अब भी जारी है। इसे खत्म करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। हरियाणा में पहले के मुकाबले लिंगानुपात में सुधार हुआ है।

## खाद्य भंडारण, आपूर्ति, और विकास कार्यों को लेकर की मंत्रणा

# सांसद ने ली एफसीआई अधिकारियों की बैठक

- खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण प्रणाली में सुधार कर उपज का सही मूल्य सुनिश्चित कर सकते: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** अधिकारियों को दिशा निर्देश देते सांसद धर्मबीर सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

लोकसभा सांसद एवं भारतीय खाद्य मंत्रालय की सर्वोच्च्य परामर्श समिति के अध्यक्ष चौधरी धर्मबीर सिंह ने आज पंचकूला में आयोजित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की महत्वपूर्ण बैठक में बतौर मुख्यअतिथि (अध्यक्ष) भाग लिया। इस बैठक में एफसआई, हैफेड, फूड सप्लाई, वेयरहाउसिंग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर खाद्य भंडारण, आपूर्ति, और विकास कार्यों से जुड़ी योजनाओं व समस्याओं पर विस्तृत मंत्रणा की गई। उन्होंने कहा कि एफसीआई ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्नों की खरीद, महत्वपूर्ण खाद्यान्न स्टॉक के रख-रखाव, कल्याण उपायों के लिए खाद्यान्नों का वितरण और बाजार में खाद्यान्नों के मूल्यों में स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सांसद ने बताया कि एफसीआई की परिचालन क्षमताओं में एमएसपी आधारित खरीद और निवेश के प्रति सरकार की दोहरी प्रतिबद्धता किसानों को सशक्त बनाने, कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक सहयोगात्मक प्रयास का प्रतीक है।

### कार्यप्रणाली में पारदर्शित लाने के निर्देश

सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने बैठक में भारतीय खाद्य निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और आधुनिक तकनीक के समावेश की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि /"खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण प्रणाली में सुधार कर ही हम किसानों की उपज का सही मूल्य सुनिश्चित कर सकते हैं और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण राशन उपलब्ध करवा सकते हैं।


सबसे ऊंची उड़ान भरने वाला पक्षी गिद्ध है, जो 11,000 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है।


सबसे बड़ा मकड़ी का जाला 28 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा हो सकता है।



# अच्छी जॉब चाहिए तो सीखनी होगी अच्छी स्किल



नॉलेज


**यंगभूमि डेस्क**

आजकल जमाना काफ़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी सामने आ रही है। ऐसे में मनुष्य का भी नई टेक्नोलॉजी के अनुसार ढलना जरूरी है। अब ऐसा नहीं है कि आपने कोई भी पढ़ाई की और आराम से नौकरी मिल जाएगी। अब विद्यार्थियों को नौकरी लेने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। नौकरी लेने के लिए अब पढ़ाई नहीं बल्कि स्किल होनी चाहिए। आपको जॉब देने वाले लोग देखेंगे कि आपके अंदर किसी काम को करने के लिए कितना कौशल है। आप किस प्रकार किसी भी कम को करते हैं या समझते हैं और उसे कितने तरीके से कर सकते हैं।

## कौशल होना जरूरी

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग** : आज का जमाना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। हर कोई मोबाइल और इंटरनेट पर अपना पूरा समय व्यतीत करता है। इस प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसा माध्यम है जहां मशीन आपके अनुसार कार्य करती है। आने वाले वक़्त में पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बड़े पैमाने पर उपयोग करेगी। इस कारण आज के समय में अगर आप एक ऐसी नौकरी पाना चाहते हैं जिनकी मांग बहुत ज्यादा हो, कंपटीशन कम हो और ज्यादा से ज्यादा पैसा मिले तो आपको आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करना चाहिए। यह कोर्स आप आसानी से ऑनलाइन या ऑफलाइन कर सकते है। किसी भी संस्था के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करने के लिए सबसे पहले आपको पूरी जानकारी एकत्रित कर लेनी है।

## मशीन लर्निंग



आज के डिजिटल दौर में अलग-अलग कंप्यूटर व अलग-अलग तरह की मशीन बनाई जा रही है। यही वजह है कि मशीन लर्निंग की मांग काफी तेज हो चुकी है। इसके लिए आपको अलग-अलग कंप्यूटर लैंगवेज की समझ होनी चाहिए। मशीन लर्निंग के बारे में अच्छे से समझ कर आप अच्छी कमाई कर सकते है। बहुत सारी कंपनी में मशीन लर्निंग का काम करने वाले कर्मचारी को अच्छी सैलरी दी जाती है। इस समय भी इसकी काफी ज्यादा डिमांड है और इस क्षेत्र में कंपटीशन भी नहीं है। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से मशीन लर्निंग के बारे में जान सकते है और ज्यादा से ज्यादा कंप्यूटर लैंग्वेज सीखकर मशीन लर्निंग के क्षेत्र में तरक्की कर

## ये योग्यताएं भी होना बहुत जरूरी

### क्लाउड कंप्यूटिंग

आज से कुछ वक्त पहले कंप्यूटर में जानकारी को स्टोर करने की प्रोसेस थोड़ी अलग थी और अब लोगों की संख्या बढ़ाने और हैकिंग होने के कारण क्लाउड कंप्यूटिंग दिन प्रति दिन पॉपुलर हो रहा है। जानकारी को एकत्रित रखने का एक शानदार माध्यम है जो आपकी वेबसाइट और सॉफ्टवेयर को हल्का रखता है। अगर आप इस दौर में में कोई ऐसी नौकरी चाहते हैं जहां कंपटीशन कम हो और आपकी काबिलियत के अनुसार आपको हाई सैलरी वाली जॉब मिल सके तो आज के समय में हर बच्चे को क्लाउड कंप्यूटिंग के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

### ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी

पिछले समय से आपने बिटकॉयन के बारे में काफ़ी सुना होगा। यह एक करेंसी है जो ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी पर चलती है। यही कारण है कि बिटकॉइन को कोई एक संस्था कंट्रोल नहीं करती है यह टेक्नोलॉजी इस कारण से लोगों के बीच काफी विख्यात हुई है और इस टेक्नोलॉजी को अन्य क्षेत्र में भी उपयोग करने की कोशिश की जा रही है। आगामी समय में ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी का प्रयोग लगभग सभी संस्थाओं में किया जाएगा। अगर आप भी अच्छा पैसा कमाना चाहते है और अच्छी जॉब लेना चाहते है तो इसके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करें और इसके बारे में अच्छी तरह समझे। इसके लिए आपको ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी स्किल पर पूरा कमांड प्राप्त करना होगा।

### फाइनेंस मैनेजर

फाइनेंस के क्षेत्र में बहुत सारे ऐसे कोर्स हैं जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए। जितनी जल्दी जमाना ग्रोथ कर रहा है लोगों की खरीदने की आदत उतनी गति से तेज हो रही है। पहले की अपेक्षा आज लोग ज्यादा खरीदारी करते हैं।



---

## आपके विदेश जाने के सपनों को भी कर सकते हैं पूरा

# विदेश में मिलेगा लाखों का पैकेज, भारी डिमांड वाले ये कोर्स बनाएंगे करियर

जॉब ट्रेंड्स

**करियर डेस्क**

## फाइनेंस फील्ड में 60 लाख सालाना तक वेतन

विदेश में नौकरी का सपना हर युवा देखता है, लेकिन कम ही लोग विदेश में नौकरी कर पाते हैं। यदि आप भी विदेश में अच्छी नौकरी करके लाखों रुपए कमाना चाहते हैं तो यह इंफरमेशन आपके लिए ही है। आपको 12वीं के बाद ऐसे कोई कोर्स करना चाहिए, जिसकी विदेशों में भी काफी डिमांड रहती है। इनमें मैकेनिकल इंजीनियर, कंप्यूटर साइन्स, सिविल इंजीनियरिंग, बीमा विज्ञान, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल साइन्स, डिजिटल मार्केटिंग, डाटा एनालिटिक्स, मरीन इंजीनियरिंग, मीडिया और एनिमेशन कोर्स की डिमांड ज्यादा है। ऐसे कई कोर्स है जो लाखों की कमाई के साथ अच्छा करियर बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। साथ ही विदेश जाने का सपना भी पूरा कर सकते हैं।

### मेकेनिकल इंजीनियर



विदेशों में टेक्निकल लोगों की काफी डिमांड है। खासकर मशीनरी और उसके पाट्र्स को डिजाइन और डवलप करने का काम करने वाली कंपनियों में काफी जॉब है। इसमें मैन्यूफैक्चरिंग प्रोसेस की देखरेख करने का भी काम होता है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग कोर्स की सबसे ज्यादा मांग अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में है। यहां मैकेनिकल इंजीनियर को सालाना 56 लाख रुपए की सैलरी पर आसानी से नौकरी मिल जाती है।

### कंप्यूटर साइन्स

कंप्यूटर के युग में नई-नई टेक्नालॉजी आ रही है, कंप्यूटर सिस्टम में नए-नए एप्लीकेशन और सॉफ्टवेयर आ रहे हैं। ऐसे में कंप्यूटर साइंस कोर्स आपको अच्छे पैकेज वाली नौकरी विदेश में दिलवाएगा। विदेशों में साइबर फ्राड काफी ज्यादा बढ़ गए हैं, ऐसे में वहां कंप्यूटर साइंस की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। कंप्यूटर साइन्स में कंप्यूटर सिस्टम और उसके नेटवर्क की सुरक्षा करना, डाटा को हैकिंग से बचाना और साइबर क्राइम से प्रोटेक्शन करना सिखाया जाता है। कंप्यूटर साइंस के स्टूडेंट्स खासकर भारतीय स्टूडेंट्स की काफी डिमांड विदेशों में ज्यादा रहती है। इस कोर्स के बाद आप अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, जर्मनी और इजरायल में जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज भी 61 लाख से अधिक का मिल सकता है।



### सिविल इंजीनियरिंग

भारत के सिविल इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स की डिमांड भी विदेशों में इसलिए है क्योंकि भारत के इस कोर्स में पब्लिक, प्राइवेट सेक्टर्स में सड़क, भवन, बिल्डिंग्स एयरपोर्ट, सुरक्षा के लिए निर्माण और जलापूर्ति का डिजाइन करना इस कोर्स के अंतर्गत आता है। और, इसी की डिमांड यूएई, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में काफी है। क्योंकि इन देशों में लगातार विस्तार हो रहा है। सैलरी का पैकेज भी 55 लाख सालाना मिलता है।

### बीमा विज्ञान

यदि आप बीमा विज्ञान के क्षेत्र में कोर्स कर रहे हैं तो निश्चित ही आप विदेश में नौकरी करेंगे। क्योंकि इसकी काफी डिमांड विदेशों में बढ़ गई है। वित्त के क्षेत्र में बीमा के लिए सांख्यिकी, रिस्क और मॉडलिंग के साफ्टवेयर, तकनीकों का इस्तेमाल इस कोर्स में होता है। इंश्योरेंस साइंस में कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आसानी से जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज 65 लाख से ज्यादा हो सकता है।

### बायोमेडिकल इंजीनियरिंग

यदि आप बायोमेडिकल इंजीनियरिंग का कोर्स कर रहे हैं तो आपके लिए भी विदेश में नौकरी के काफी अवसर मिलेंगे। मेडिकल के क्षेत्र में इंजीनियरिंग स्किल्स का उपयोग और हेल्थकेयर में उपयोग होने वाले उपकरण तैयार करने, डिजाइन और उन पर रिसर्च करना, इस कोर्स का हिस्सा है। इसके बाद आपको न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, आयरलैंड, यूके और कनाडा में 58 लाख रुपए की सालाना सैलरी पर नौकरी मिल सकती है।



### फार्मास्यूटिकल साइन्स

कोरोना काल के बाद यह सेक्टर काफी ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इन दिनों भी डिमांड लगातार बढ़ रही है। फार्मास्यूटिकल साइन्स का कोर्स आपका करियर बना देगा। इसमें नई-नई दवाओं को विकसित करना, उनकी टेस्टिंग करना और उन्हें मैन्यूफैक्चर करने का काम सिखाया जाता है। इस कोर्स के बाद आपको कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में 60 लाख रुपए के सालाना पैकेज पर नौकरी आसानी से मिल सकती है।

### डिजिटल मार्केटिंग

कोरोना काल के बाद अब लोग डिजिटल तरीकों से ज्यादा काम करने लगे हैं। कई कंपनियां भी डिजिटल मार्केटिंग पर जोर दे रही हैं। यही कारण है कि अब सभी प्लानिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म को ध्यान में रखकर की जाने लगी है। इनमें सोशल मीडिया के फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसी साइट्स के जरिए भी काम होने लगा है। देश ही नहीं विदेशों में भी मैनेजर और ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स जैसे प्रोफेशनल्स की मांग काफी बढ़ रही है। यह फील्ड क्रिएटिव वर्क के साथ ही अच्छी-खासी सैलरी भी दे रही है।

### डाटा एनालिटिक्स

कई कंपनियां डाटा एनालिटिक्स की भी भर्ती करती है। क्योंकि डाटा के जरिए कंपनी सेल्स स्ट्रेटेजी के जरिए कंपनी को आगे बढ़ा सकती है। इसका कोर्स भी युवाओं में काफी लोकप्रिय हो रहा है। डाटा साइंटिस्ट की मांग विदेशों में ज्यादा बढ़ गई है। लाखों का सालाना पैकेज भी कंपनियां दे रही हैं। गणित, स्टेटिस्टिक्स और कंप्यूटर एप्लिकेशन के स्टूडेंट्स डाटा साइंटिस्ट या डाटा एनालिटिक्स का कोर्स कर विदेशों में नौकरी आसानी से पा सकते हैं।

### मरीन इंजीनियरिंग

यदि आप मरीन क्षेत्र में नौकरी का सपना देख रहे हैं, तो यह इसका कोर्स आपको बेहतरीन करियर बनाने में मदद करेगा। मरीन इंजीनियरिंग कोर्स कर आप देश-विदेश के मरीन फिल्म में नौकरी कर सकते हैं। मरीन इंजीनियरिंग का काम करने वाले युवा जहाज की मरम्मत करने और उसकी देखरेख का काम करते हैं। इसमें भी लाखों रुपए का पैकेज मिलता है।

### मीडिया और एनिमेशन कोर्स

जर्नलिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और ब्रांड एनिमेशन में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स भी विदेशों में जॉब कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए सबसे जरूरी है क्रिएटिव स्किल्स। इसमें एनिमेशन की डिमांड है, विज्ञापन और मार्केटिंग के लिए भी इसका उपयोग होता है। इस कोर्स के बाद काफी जॉब विदेशी कंपनियों में निकल रहे हैं। सैलरी भी काफी आकर्षक है। इस कोर्स के जरिए आप अपना बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं, देश में रहकर या विदेश में रहकर भी आप अच्छा पैकेज पर जॉब कर सकते हैं।

---

# नकारात्मकता को अपनी ताकत बनाकर मजबूती के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़े



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

जीवन में कई बार हम ऐसे माहौल में फंस जाते हैं, जहां नकारात्मकता हमारा हौसला तोड़ने की कोशिश करती है। चाहे वह पढ़ाई का दबाव हो, दोस्तों या परिवार की आलोचना, असफलता का डर, या समाज की नकारात्मक सोच, ये सभी हमारे आत्मविश्वास को कमजोर कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, यह याद रखें कि आपकी ताकत आपके भीतर है। नकारात्मक माहौल को न केवल सहन किया जा सकता है, बल्कि उसमें भी आप मजबूती के साथ आगे बढ़ सकते हैं। आइए, जानते हैं कि कैसे आप नकारात्मकता को अपनी ताकत में बदल सकते हैं। नकारात्मक माहौल तब सबसे ज्यादा प्रभावित करता है, जब हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। अपने सपनों को हमेशा सामने रखें। चाहे लोग आपको कितना भी निराश करें, यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी प्रेरणा है। हर सुबह अपने आप से पूछें, "मैं यह क्यों कर रहा हूँ?"

## अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें

**अपने जवाब को ही अपनी ढाल बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप एक परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो नकारात्मक टिप्पणियों को अनदेखा करें और अपने अध्ययन पर ध्यान दें।**

**सकारात्मक सोच को अपनाएं** : नकारात्मक माहौल में सकारात्मक सोच आपका सबसे बड़ा हथियार है। हर दिन अपने आप को कुछ सकारात्मक बातें कहें, जैसे "मैं मेहनती हूँ," "मैं अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता हूँ।" नकारात्मक लोगों की बातों को सुनें, लेकिन उन्हें दिल से न लगाएं। इसके बजाय, उनसे प्रेरणा लें कि आपको और बेहतर करना है। सकारात्मक किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियाँ सुनें, और अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें।

**अपने समय का सही उपयोग करें** : नकारात्मक माहौल में समय बर्बाद करना सबसे आसान होता है। लोग आपको हतोत्साहित कर सकते हैं, लेकिन आपका समय आपका है। इसे बुद्धिमानी से उपयोग करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें। पढ़ाई, खेल, और आत्म-विकास के लिए समय निकालें। जब आप अपने समय का सही उपयोग करते हैं, तो नकारात्मकता आपके दिमाग में जगह नहीं बना पाती।

**सही लोगों का साथ चुनें** : आपके आसपास के लोग आपके विचारों और भावनाओं को बहुत प्रभावित करते हैं। उन लोगों के साथ समय बिताएं जो आपको प्रेरित करते हैं, जो आपका हौसला बढ़ाते हैं। अगर आपके दोस्त या सहपाठी लगातार नकारात्मक बातें करते हैं, तो उनसे दूरी बनाएं। ऐसे गुरु, दोस्त, या परिवार के सदस्यों का साथ चुनें जो आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**असफलता को सीखने का अवसर बनाएं** : नकारात्मक माहौल में अक्सर असफलता का डर हमें कमजोर करता है। लेकिन असफलता कोई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। हर गलती से सीखें। अगर आप किसी परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ला पाए, तो निराश होने के बजाय यह विश्लेषण करें कि क्या गलत हुआ और उसे कैसे सुधारा जा सकता है। थॉमस एडिसन ने बल्ब बनाने में हजारों बार असफलता देखी, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। आप भी अपनी असफलताओं को अपनी ताकत बनाएं।

**शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें** : नकारात्मक माहौल में मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। रोज़ाना व्यायाम करें, योग या ध्यान का अभ्यास करें। यह आपके दिमाग को शांत रखता है और तनाव को कम करता है। अच्छा खाना खाएं, पर्याप्त नींद लें, और अपने शौक को समय दें। जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होंगे, तो नकारात्मकता का आप पर कोई असर नहीं होगा।

## आभार व्यक्त करें

नकारात्मक माहौल में भी कुछ न कुछ अच्छा जरूर होता है। हर दिन इसके लिए आभार व्यक्त करें। उदाहरण के लिए, आपके पास पढ़ने का अवसर है, एक परिवार है, या दोस्त हैं जो आपका साथ देते हैं। आभार की भावना आपको सकारात्मक बनाए रखती है और नकारात्मकता को दूर भगाती है।

**खुद पर भरोसा रखें** : सबसे महत्वपूर्ण बात, खुद पर भरोसा करें। आप में वह ताकत है जो किसी भी नकारात्मक माहौल को पार कर सकती है। लोग जो कहते हैं, वह उनकी सोच है, आपकी हकीकत नहीं। अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और हर कदम पर खुद को प्रोत्साहित करें। आपके पास वह शक्ति है जो दुनिया को बदल सकती है। बस उस शक्ति को पहचानें और आगे बढ़ें। यह शक्ति आपके आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच में छिपी है। नकारात्मक माहौल या चुनौतियाँ आपको रोक सकती हैं, लेकिन अगर आप अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें और अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें, तो कोई भी बाधा आपको नहीं हरा सकती। हर छात्र के भीतर एक अनमोल ऊर्जा है, जो सही दिशा में उपयोग करने पर न केवल आपके जीवन को बदल सकती है, बल्कि समाज और दुनिया को भी बेहतर बना सकती है। इस शक्ति को पहचानें, अपने सपनों को पंख दें, और हर कदम पर दृढ़ता के साथ आगे बढ़ें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** भारत के किस प्रदेश की सीमाएं तीन देशों क्रमशः नेपाल, भूटान एवं चीन से मिलती है ?
(ए) अरुणाचल प्रदेश
(बी) मेघालय
(सी) पश्चिम बंगाल
(डी) सिक्किम

**2.** कौन - सा महत्त्वपूर्ण अक्षांश भारत को दो लगभग बराबर भागों में विभाजित करता है ?
(ए) 23°30' दक्षिण
(बी) 23°30' उत्तर
(सी) 0 डिग्री
(डी) 33°30' उत्तर

**3.** भारत का सुदूर पश्चिम का बिंदु है -
(ए) 23°7' पश्चिम, गुजरात में
(बी) 68°7' पश्चिम, राजस्थान में
(सी) 68°7' पूर्व, गुजरात में
(डी) 68°7' पूर्व, राजस्थान में

**4.** अरावली एवं विंध्य श्रृंखलाओं के मध्य कौन - सा पठार स्थित है ?
(ए) मालवा का पठार
(बी) छोटानागपुर का पठार
(सी) दक्कन का पठार
(डी) प्रायद्वीपीय पठार

**5.** सिलवासा राजधानी है -
(ए) दमन एवं दीव की
(बी) दादरा एवं नगर हवेली की
(सी) लक्षद्वीप की
(डी) अरुणाचल प्रदेश की

**6.** निम्नलिखित राज्यों में से किसकी तटरेखा सर्वाधिक है ?
(ए) गुजरात
(बी) महाराष्ट्र
(सी) केरल
(डी) तमिलनाडु

**7.** उत्तर भारत में उप हिमालय क्षेत्र के सहारे फैले समतल मैदान को क्या कहा जाता है ?
(ए) तराई
(बी) दून
(सी) खादर
(डी) भावर

**8.** कोरी निवेशिका जिस पर स्थित है, वह है -
(ए) कच्छ की खाड़ी
(बी) खम्भात की खाड़ी
(सी) कच्छ का लिटिल रन
(डी) कच्छ का रन

**उत्तर** 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8.(सी)

# गांव सज्जनपुर की बेटी ने जीता सिल्वर मेडल

## नेशनल एथलिटक्स अंडर-20 के आयुवर्ग में हिना ने 2.84 सेकिंड में पूरी की दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा खंड के अंतर्गत आने वाले गांव सज्जनपुर की लाडली बेटी हिना ने अंडर-20 आयु वर्ग प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित हुए राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स फेडरेशन चैंपियनशिप 800 मीटर में रजत पदक जीता। हिना ने अपनी 800 मीटर दौड़ 2 मिनट 8.84 सेकिंड में पूरा कर रजत पदक हासिल किया। सज्जनपुर व्यायामशाला इंचार्ज गजानंद कौशिक ने बताया की इस समय हिना बेंगलुरु के साँई सेंटर के साँई कोच के निर्देशन में निरंतर अभ्यास कर रही है। राणा एथलेटिक्स एकेडमी संचालक हिना के बेसिक कोच अरुण राणा ने हिना की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए सभी उपस्थित बच्चों के साथ खेल प्रशंसकों को मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया।



**फिलहाल बेंगलुरु के साँई सेंटर में अभ्यास कर रही है हीना**

खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए।

नेशनल में पदक विजेता बेटी हिना के पिता के पिता नरेश धानक सहित अनेक खेल प्रेमियों ने, भाई चारा ग्रुप हनुमान फौजी, बिट्टू तहलान, कृष्ण मास्टर, सरपंच कांता चाहर,सरपंच प्रतिनिधि नरेश चाहर, पूर्व सरपंच ऋतु रानी, महेश सोलथ , गंगाधर सोलथ, हरीश रंगा, पितराम कुड़ी, रमेश सांसी ने सभी ग्रामवासियों ने पदक विजेता बेटी हिना को बधाई दी।

# बेस्ट बॉक्सर बनी दीया शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



द्रोणाचार्य कैप्टन हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी की महिला मुक्केबाज दीया शर्मा ने रोहतक में चल रही 6वीं जूनियर बॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता व बेस्ट बॉक्सर का खिताब जीता। भीम अवार्डी कोच संजय श्योराण ने बताया कि दीया ने पिछले 5वें नेशनल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। पिछले वर्ष जूनियर एशियन में भी सिल्वर पदक प्राप्त किया था, अब वे अगले माह चीन में आयोजित होने वाली जूनियर इंटरनेशनल प्रतियोगिता भाग लेगी। दीया शर्मा को एकादमी अध्यक्ष एलबी गुप्ता, महासचिव प्रीतम दलाल, कैप्टन बनी सिंह सहित खेल प्रेमियों व ग्रामीणों ने पदक विजेता बेटी को बधाईयां दी।

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान गरीब लोगों को ऐतिहासिक सौगात

**बाढड़ा।** आयुष्मान योजना से गरीब परिवारों को किसी भी बीमारी में मुफ्त उपचार के रुप में बड़ी सौगात मिल रही है जो पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नायब सिंह सैनी सरकार की अनमोल सौगात है। पिछले लंबे समय से सभी परिवारों के चयनित लोगों को इस योजना में शामिल किया गया। वंचित लोगों के लिए फर से शिविर शुरु कर ऐतिहासिक फैसला लिया है। विधायक उमेद पातुवास ने बीडीपीओ कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी की अगुवाई में आयोजित आयुष्मान कार्ड शिविर का उद्घाटन करने के बाद लाभपात्रों को संबोधित करते हुए कही। आज से शुरु इन शिविरों में 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के बुजर्गो का घर के समीप ही आयुष्मान कार्ड तैयार होगा।

### गांवों के विकास के लिए 22 करोड़ की राशि मंजूर

**तोशाम।** जिला खनन कोष की बैठक में तोशाम व आसपास के गांवों के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 22 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर की गई है। सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी और सांसद धर्मबीर सिंह के प्रयासों से डीसी महावीर कौशिक की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया। एडवोकेट हरिसिंह सांगवान ने बताया कि गांव अलखपुरा में ई-लाईब्रेरी, गुज्जर मौहल्ला में सामुदायिक हॉल, पानी निकासी के नाले, अम्बेडकर भवन का निर्माण, विभिन्न रास्तों का निर्माण शामिल है। गांव बागनवाला में पशु अस्पताल, ड्रेन का निर्माण, स्व. थम्बूराम के घर से खानक रोड़ स्कूल के साथ ड्रेनेज नाले का निर्माण और सरकारी स्कूल से मेन जोहडी तक गली निर्माण होगा।

### विकास कार्यों पर खर्च होंगे सवा पांच करोड़

**बवानीखेड़ा।** जिला परिषद की चेयरपर्सन अनिता मलिक ने भिवानी व बवानी खेड़ा हल्के में 5.25 करोड़ की राशि जारी की है। मलिक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी देश की करीबन 143 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हैं तो यहाँ भिवानी जिले के मंत्री व सांसद भेदभाव से क्यों कार्य कर रहे हैं मंत्री व सांसद ईमानदारी से कार्य करें तो भिवानी जिला पिछड़ा नहीं रहेगा। चेयरपर्सन अनिता मलिक ने बताया की हल्का भिवानी व बवानी खेड़ा में जिला परिषद कोटे से 5.25 करोड़ रुपए की राशि से विकास कार्य होंगे। वार्ड 9 दुर्जनपुर में गंदे जोहड़ की खुदाई 19 लाख रुपए की लागत से की जाएगी, गांव कुंगड़ छोटा पानी जोहड़ की खुदाई पर 20 लाख रुपए खर्च होंगे।

## छोटी काशी भिवानी में उमड़ा आस्था का सैलाब

# शहर में यात्रा समिति ने निकाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**केवल धार्मिक संदेश नहीं सामाजिक सद्भाव का भी संदेश देती है भगवान जगन्नाथ यात्रा : विधायक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। शहर में जगन्नाथ रथयात्रा निकालते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि।



भिवानी। कांवडियों के लिए लगाए जाने वाले शिविर में राहत सामग्री भेजते हुए।

धर्मनगरी और छोटी काशी के नाम से विख्यात भिवानी में शुक्रवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा समिति द्वारा आयोजित भव्य भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरा शहर भक्तिमय हो गया। जयकारों और हरिनाम संकीर्तन से भिवानी की गलियां गूंज उठीं, मानो स्वर्ग धरती पर उतर आया हो।

भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरूआत लोहड़ चौपटा से शुरू होकर बिचला बाजार, सराय चौपटा, नया बाजार, भोजा वाली देवी मंदिर से होते हुए वापस लोहड़ चौपटा पर संपन्न हुई। पारंपरिक पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान को रथ पर विराजमान किया। स्वयंसेवकों और भक्तों द्वारा खींचने पर रथ धीरे-धीरे आगे बढना शुरू हुआ। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई, इसमें शामिल होने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ती गई। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे भक्तगण भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियों को लेकर चल रहे रथ के स्वागत के लिए आतुर थे। रथ को फूलों और रंगीन झालरों से भव्य रूप से सजाया गया था, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ था।

विधायक घनश्याम सर्राफ, डीसी महाबीर कौशिक, सीबीएलयू कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी, भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा केवल धार्मिक ही नहीं, सामाजिक सद्भाव का भी संदेश देती है। यह उत्सव केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि एक जीवंत परंपरा है जो लाखों लोगों के जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा और उल्लास भर देती है। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के अध्यक्ष राजेश अत्री, सचिव कृष्ण कुमार धौणा ने कहा कि यह हर साल बड़े उत्साह के साथ किया जाता है और इस साल भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयोजन सामाजिक समरसता और धार्मिक भावनाओं को बढ़ावा देते हैं। ऐसे धार्मिक आयोजन ना केवल धार्मिक भावनाओं को मजबूत करती है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अनिल परमार, आनंद गर्ग, गोपाल सांवडिया, सुनील शर्मा, दिवान चंद रहेजा, डा. अनिल गौड़, राजबीर शर्मा धारेडू, हरिहर पोई, श्रीनाथ फतेह सिंह, अधिवक्ता सुशील अत्री, गोपाल सांवरिया, प्रवेश गौतम, सुनील शर्मा, विकास शर्मा, जयसिंह, गोवर्धन आचार्य सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

### कावडियों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : समर शांडिल्य

- तपोभूमि कावड़ सेवा ट्रस्ट भिवानी से शिव भक्तों का जत्था हुआ रवाना

**भिवानी।** हिंदु धर्म में कावड़ लाना पुण्य का कार्य माना जाता है तथा कावडियों की सेवा करना और भी बड़ा पुण्य का कार्य माना जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए तपोभूमि कावड़ सेवा ट्रस्ट रजि. के तत्वावधान में गौमुख से कावड़ लाने वाले कावडियों की सेवा के लिए गौमुख के पास झाला में 15 दिवसीय सेवा शिविर व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए भिवानी से सामग्री वाहन के साथ जत्था रवाना हुआ। यह बात पूर्व पार्षद विजय शांडिल्य के पुत्र समर शांडिल्य ने कावडियों की सेवा के लिए लगाए जाने वाले शिविर की सामग्री का वाहन के साथ जत्थे को रवाना करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पिछले करीबन 37 वर्षो से कावडियों की सेवा के लिए गौमुख के पास झाला में शिविर लगाते रहे है। कोरोना काल से कुछ समय पूर्व उनके पिता का देहांत होने तथा बाद में कोरोना की वजह से शिविर व भंडारे का आयोजन नहीं हो पा रहा था। लेकिन अब फिर से कावड़ यात्रा शुरू हुई है तो वे भी अपने पिता के स्वप्र को पूरा करने के लिए शिविर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कावडियों के लिए लगने वाले शिविर से कावडियों को काफी राहत मिलती है, क्योंकि कावड़ यात्रा के दौरान उन्हे बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और ऐसे शिविर कावडियों के लिए बहुत लाभदायक होते है। उन्होंने बताया कि शिविर में कावडियों के रहने, खाने, ठहरने के अलावा दवाईयां की सुविधा भी दी शिविर के माध्यम से दी जाती है। उन्होंने कहा कि कावडियों की सेवा के उद्देश्य से ही तपोभूमि कावड़ सेवा ट्रस्ट रजि. के तत्वावधान में गौमुख के झाला में 15 दिवसीय निःशुल्क भंडारे एवं शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस शिविर में भिवानी अनेक गणमान्य लोगों के अलावा बहादुरगढ़, नजफगढ़, गुरूग्राम, फरीदाबाद, रिवाड़ी, सोनीपत, दिल्ली सहित आस-पास के शिव भक्तों का भी सहयोग रहेगा।



भिवानी। पौधारोपित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# पौधरोपण व देखभाल से पर्यावरण संरक्षण संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- बाबा भगतू चैरिटेबल ट्रस्ट ने भिवानी में रोपित किए विभिन्न प्रकार के पौधे
- नीम, पीपल, बरगद, अमरूद, आम, अर्जुन इत्यादि सहित विभिन्न फलदार, औषधीय, छायादार पौधे किए रोपित।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए बाबा भगतू चैरिटेबल ट्रस्ट ने शुक्रवार को हांसी गेट स्थित रामबाग में पौधरोपण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए गए, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। ट्रस्ट के सदस्यों ने प्रधान ओमपति देवी के नेतृत्व में रामबाग के विभिन्न हिस्सों में फलदार, औषधीय और छायादार पौधे लगाए। इनमें नीम, पीपल, बरगद, अमरूद, आम, अर्जुन और अन्य प्रजातियों के पौधे शामिल थे। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने में सहयोग करने की अपील की। ट्रस्ट की प्रधान ओमपति देवी ने बताया कि उनका लक्ष्य केवल पौधे लगाना नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना और उन्हें बड़ा होते देखना भी है, जो कि पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत जरूरी है। ये पौधे हमारे भविष्य और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट भविष्य में भी ऐसे ही पर्यावरण हितैषी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। अभियान में शामिल स्वयंसेवकों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस पहल को स्थानीय निवासियों और पर्यावरण प्रेमियों ने खूब सराहा, जिससे समाज में पर्यावरण जागरूकता का संदेश फैला है। इस अवसर पर राम अवतार, शिवकुमार पराशर, सोनू सैनी, प्रदीप पराशर, संतोष पराशर, उषा पराशर, शिवराज बागड़ी, प्रवीन पराशर, माया देवी, मनजीत तंवर, पराक्रम, भावेश, अंशू, मोनिका, रोजी, सोनिका, मानसी, यथार्थ, सुनीता सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

# पिचौपा में सीएम फ्लाइंग की रेड

- अवैध खनन पर कसा शिकंजा संयुक्त टीमों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। क्रेशरों पर रिकॉर्ड की जांच करती सीएम फ्लाइंग टीम।

खनन विभाग व सीएम फ्लाइंग के साथ मिलकर पिचौपा माइनिंग जोन में छापेमारी की। औचक निरीक्षण अभियान के दौरान टीम ने 55 संदिग्ध वाहनों की गहनता से जांच की और पांच क्रेशरों की दस्तावेज जांचे। इस दौरान खनन गतिविधियों से संबंधित दस्तावेजों की भी गहन पड़ताल की गई। खनन माफियाओं को स्पष्ट संदेश दिया कि अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। अभियान न केवल अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है, बल्कि खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रति प्रशासन की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस दौरान पांच क्रेशरों को भी चैक किया गया और उन्हें नियमों की पालना के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य खनन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को समाप्त करना है। महानिदेशक के आदेशों के अनुसार, विभागीय टीम पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है और सभी आवश्यक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के अवैध खनन रोकने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के तहत खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग स्वयं विभागीय गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं।

# कन्या कॉलेज में नशा मुक्ति दिवस मनाया

- छात्राओं ने नशे के खिलाफ निकाली जनचेतना रैली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू




लोहारू। लोहारू में नशे के खिलाफ जनचेतना रैली निकालते हुए सावित्री बाई फुले राजकीय महाविद्यालय की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

सावित्री बाई फुले राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति दिवस मनाते हुए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा छात्राओं नुक्कड़ नाटक और रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। एनएसएस प्रभारी डॉ निशा कुमारी ने बताया कि लोगों में नशे के खिलाफ जन चेतना लाने के लिए महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा शहर में रैली निकाली गई और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव बताए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में युवा पीढ़ी का नशे की ओर जाना परिवार और समाज के लिए ही बल्कि राष्ट्र के लिए घातक हो रहा है। उन्होंने बताया कि युवा राष्ट्र की रीढ हैं तथा युवाओं का धूम्रपान, शराब व नशीली चीजों के सेवन के प्रति अग्रसर होना बहुत ही नुकसानदायक साबित हो रहा है। इस दौरान कालेज में नशे के खिलाफ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर एनसीसी व एनएसएस की छात्राओं के अलावा स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं और स्टाफ ने नशा मुक्ति की शपथ भी ली।

### सभी को नशे के खिलाफ बनाना होगा जागरूक

उधर ढिगावा के खेल स्टेडियम में भी नशे के लिए बैठक का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता सरंपच ने की। बैठक में थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि प्रत्येक अभिभावक और प्रत्येक युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक बनना होगा। आने वाली पीढ़ी को नशे बचाने के लिए जरूरी है कि हम अभी से नशे के खिलाफ जागरूक हों और जीवन में कभी नशा नही करने की शपथ

# किसानों को मिलेगा सही तौल का लाभः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

कस्बे की अनाज मंडी में अनाज के मापतौल के लिए सरकारी खर्च पर जल्द ही मापतौल की सुविधा उपलब्ध होगी। भाजपा विधायक उमेद पातुवास ने मंडी पहुंच कर निर्माण कार्य का जायजा लिया तथा हरियाणा कृषि मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों त्वरित समय में इसको पूरा करवाने का आदेश दिया। मार्केटिंग बोर्ड पंचकूला ने अनाज मंडी में २५.९४ लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है जिससे अनाज की तौल प्रक्रिया और अधिक सटीक और पारदर्शी हो जाएगी। कस्बे की अनाज मंडी में धर्मकांटे निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि उपमंडल मु यालय की अनाज मंडी पर क्षेत्र के पच्चास गांवों की रबी व खरीफ सीजन की फसलों की खरीद का जिम्मा होता है।

### बाढ़डा में लगेगा धर्मकांटा

मार्केटिंग बोर्ड के जेई प्रवीण कुमार ने बताया कि बाढड़ा मंडी में 17 मीटर लंबा व 4 मीटर चौटा धर्मकाटा लगाया जाएगा।। 25,94 लाख का बजट मिला है तथा शुक्रवार को निर्माण कार्य शुरु हो गया है। किसानों की मांग पिछले काफी समय से अनाज मंडी में धर्मकाटा लगाने की थी जो अब पुरी हो गई है। मंडी प्रधान हनुमान शर्मा व मंजीत नांधा ने बताया कि रबी सीजन में करीब सात हजार किसान करीब दो लाख क्विंटल अनाज मंडी में बेचते है वहीं खरीफ सीजन में करीब पांच हजार किसान डेढ लाख क्विंटल अनाज मंडी में बेचते है।

## सेठ चर्तुभुज लाजपतराय के वंशजों ने बवानीखेड़ा अस्पताल को की थी डोनेट

# गिफ्ट की एंबुलेंस जमालपुर शिफ्ट, सीएमओ अनजान

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा का सब-डिविजनल अस्पताल ''चतरभुज लाजपतराय जनरल अस्पताल'' में चर्तुभुज लाजपतराय के वंशजों द्वारा डोनेट की गई एंबुलेंस को स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों ने सीएचसी जमालपुर शिफ्ट कर दिया है और सीएचसी जमालपुर की कंडम एंबुलेंस को एसडीएच बवानी खेड़ा भेजा गया है जबकि सीएचसी जमालपुर की एंबुलेंस स्वयं बीमार है और इसकी जांच के लिए इसे गैरेज भेजा गया है जिसके ठीक होने में काफी समय बताया जाता है। इस कार्य के पीछे किसका हाथ है ये सोचने वाली बात है। वहीं शहरवासियों में इसको लेकर रोष पैदा हो गया है और इसकी शिकायत विधायक कपूर वाल्मीकि से करने की बात कही। विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि ये मामला गंभीर है, वे इस बारे सीएमओ से स्वयं बातचीत करेंगे। वहीं मामला सीएमओ तक पहुंचते हुए उन्होंने बवानी खेड़ा स्थित सब-डिविजनल अस्पताल ''चतरभुज लाजपतराय जनरल अस्पताल'' में तुंरत एंबुलेस होने के संबंधित अधिकारी को आदेश दिए।

### 2018 में मिली थी एंबुलेंस



बवानी खेड़ा की पावन धरा से जुडे चर्तुभुज लाजपतराय के वंशजों द्वारा अपनी मातृभूमि और यहां की जनता के लिए अस्पताल को एंबुलेस डोनेट की थी। सूत्र बताते हैं कि सितंबर 2018 में इसे अस्पताल को सुपुर्द किया गया था जिससे मरीजों को काफी लाभ मिल रहा था। लेकिन बताया जाता है कि 22 जून को यहां की बढ़िया हालात की एंबुलेंस को सीएचसी जमालपुर भेज दिया गया और वहां की कंडम एंबुलेंस को बवानी खेड़ा अस्पताल के लिए आदेश दिए गए। जमालपुर के कंडम एंबुलेंस तीन दिन तक एंजेंसी में खड़ी होने के बाद भी ठीक नहीं हुई।

### एंबुलेंस के सहारे मरीज

बवानी खेड़ा की एंबुलेंस शिफ्ट होने पश्चात एमरजेंसी में आसपास के अस्पताल से एंबुलेस को लगाकर खाना पूर्ति की जा रही है जिससे मरीजों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं बताया जाता है कि बवानी खेड़ा की एंबुलेंस कर्मचारी भी दूसरी जगह भेजे जा रहे हैं। जिससे उनमें नाराजगी देखी जा रही है।

### बवानी खेड़ा में करीबन 150 व जमालपुर 40 कॉल

सूत्रों की मानें तो बवानी खेड़ा सब-डिविजनल अस्पताल में प्रतिमाह लगभग 150 कॉल अमरजेंसी की आती है जिस पर मरीजों द्वारा एंबुलेंस सुविधा ली जाती है जबकि सीएचसी जमालपुर में 40 ही कॉल एमरजेंसी मरीजों की आती है जिससे साफ जाहिर है कि बवानी खेड़ा में एंबुलेंस की सख्त जरूरत है लेकिन हैरानी की बात है कि किसी अधिकारी द्वारा स्थिति को जानते हुए इसे स्थानांतरण किया गया।

### सीएमओ आए एक्शन मोड में

जब भिवानी के सीएमओ रघुबीर शांडिल्य से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है, वहीं उन्होंने इस बारे में संबंधित अधिकारी को आदेश दिए कि बवानी खेड़ा स्थित सब-डिविजनल अस्पताल ''चतरभुज लाजपतराय जनरल अस्पताल'' में एंबुलेंस मुहैया कराई जाए ताकि एमरजेंसी मरीजों को कोई दिक्कत न हो।

## खबर संक्षेप

### बीडीपीओं पर गिरी गाज सतनाली तबादला

**बाढड़ा।** बाढड़ा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर और कमरे की चाबी नहीं देने पर विधायक द्वारा कर्मचारियों को कार्यालय से बाहर कर धरना देने पर उच्च अधिकारियों ने बाढड़ा बीडीपीओं स्वाति अग्रवाल का तबादला बाढड़ा से सतनाली कर दिया तथा सतनाली के बीडीपीओं मनोज कुमार को बाढड़ा तबादला कर दिया है। बता दे कि बाढड़ा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा कार्यालय में सरपंचों के विश्राम के कमरे का ताला ना खोलने व बीडीपीओ व एसईपीओ द्वारा मौके पर पहुंचे विधायक से स2त मिजाज में बात करने पर बाढड़ा विधायक उमेद पातुवास ने समर्थकों सहित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को कार्यालय से बाहर कर मु2य द्वार पर ताला लगा दिया।

### गरीब बच्चों की शिक्षा में करनी चाहिए सहायता

**बाढड़ा।** समृद्ध लोगों को गरीब मेद्यावी बच्चों की शिक्षा में सहायता करने के लिए आगे आना चाहिए। यह न केवल बच्चों के जीवन में सुधार करेगा, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के लिए भी फायदेमंद होगा। यह बात मानव सहायता फाउंडेशन के संयोजक समाज सेवी महादेव बलाली ने एक निजी शिक्षण संस्थान में समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन हर आवश्यकता को कम कर देना परंतु शिक्षा पर खर्च करने में कंजूसी नहीं करनी चाहिए, 1योंकि शिक्षा ही आपको समाज में अच्छा मान सम्मान जिंदगी में सगुण दे सकती। कस्बे के सरमाउंट कोचिंग सेंटर ने एक मुहिम शुरू की है जिसमें सेंटर से शिक्षा ग्रहण कर रोजगार प्राप्त कर चुके लोगों को जोड़ा जाएगा जो किसी गरीब बच्चे की शिक्षा में सहायता कर सके।

### पूर्व सीएम हुड्डा की भाभी के निधन पर शोक जताया

**बाढड़ा।** बाढड़ा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक व कांग्रेसी नेता सोमवीर श्योराण की अगुवाई में रोहतक पहुंच कर पूर्व सीएम भूपेन्द्रसिंह हुड्डा की भाभी के निधन पर संवेदना प्रकट की। बाढड़ा विधानसभा से सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक सोमबीर सिंह श्योराण की अध्यक्षता में पूर्व मु2यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बड़े भाई चौधरी इंद्र सिंह हुड्डा की धर्मपत्नी एवं परिवार की वरिष्ठ सदस्या, राजवती के निवास पर पहुँच उनके निधन पर गहरा शोक जताया। सोमबीर सिंह श्योराण ने कहा कि राजवती के देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं व्यथित करने वाला है।

एक सप्ताह से घरों के सामने जमा हुआ गंदा पानी, नारकीय जीवन जीने को मजबूर क्षेत्रवासी

# एक माह 14 दिन बाद विधायक निवास के साथ बागकोठी गली एक में फिर सीवर ब्लॉक, बद से बदत्तर बने हालात

**बागकोठी गली नंबर एक में सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या लोगों के जी का जंजाल बनी है, कभी भी सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या विकराल रूप ले लेती है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बागकोठी गली नंबर एक में सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या लोगों के जी का जंजाल बन गई हैं। हर 20 दिन से एक माह तक कभी भी सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या विकराल रूप ले लेती हैं और क्षेत्रवासियों को बदबूदार माहौल में नारकीय जीवन जीना पड़ता हैं। बीती पांच मई को गली नंबर एक में सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या बनी थी, अब ठीक एक माह 14 दिन बाद भी दोबारा से सीवरेज ब्लॉक हो गए हैं और गली में सीवरेज का गंदा एवं बदबूदार पानी जमा हो गया हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को नारकीय जीवन जीना पड़ रहा हैं। बागकोठी गली नंबर तीन में सत्ताधारी भाजपा विधायक घनश्यामदास सर्राफ का निवास हैं, वहीं बागकोठी गली नंबर एक में घरों के सामने सीवरेज का गंदा पानी जमा होने से समस्या विकराल बनी हुई हैं। क्षेत्रवासियों को कहना हैं कि पिछले पांच साल से सीवरेज की समस्या बनी हुई हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं हैं। क्षेत्रवासियों को हर 20 से एक माह बाद सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या से जूझना पड़ता हैं। बार बार शिकायत करने के बाद विभागीय कर्मचारी आते हैं और फट्टी मारकर महज खानापूर्ति करके चले जाते हैं। क्षेत्रवासियों को कहना हैं कि विधायक निवास के साथ गली में अगर समस्या को कोई स्थायी समाधान नहीं हो रहा तो पूरे शहर की स्थिति कैसी होगी, इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं। सत्ताधारी पार्टी के विधायक घनश्यामदास सर्राफ का बागकोठी गली नंबर तीन में निवासी स्थान हैं और इसके साथ लगती गली नंबर एक में करीब पांच वर्षों से सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या हैं, जिसका स्थायी समाधान नई सीवरेज लाइन डाले जाने से ही हो सकता हैं। इस संबंध में विधायक घनश्यामदास सर्राफ, चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अनेक बार सूचित किया जा चुका, लेकिन जनता की समस्याओं से सत्ताधारी पार्टी के विधायक, चेयरपर्सन प्रतिनिधि व अधिकारियों को कोई सरोकार नहीं, वे जान बूझकर गंभीर समस्या को अनदेखा कर रहे हैं। क्षेत्रवासी मनोज जिंदल, संदीप मित्तल, सागर अग्रवाल, गिरधारीलाल, बिमला देवी, प्रेम देवी व शीला देवी ने बताया कि हमारी गली की सीवरेज लाइन काफी पुरानी हो चुकी हैं। गली की सीवरेज लाइन की लेवलिंग की समस्या हैं या फिर कोई रूकावट, जो हर 20 दिन बाद ठप हो जाती हैं, जिसका नई लाइन डालकर ही स्थायी समाधान हो सकता हैं। उन्होंने बताया कि जब सीवरेज ब्लॉक होते हैं तो विभाग के कर्मचारी मैनहॉल से थोड़ा कूड़ा कर्कट निकालकर और फट्टी मारकर खानापूर्ति करके चले जाते हैं, जिससे समस्या महज एक से डेढ़ माह तक टल जाती हैं।



भिवानी। सीवरेज ब्लॉक होने से बाग कोठी की गली नंबर एक में जमा गंदा पानी।

#### नारकीय जीवन जी रहे क्षेत्रवासी

क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि राजनेता महज वोटों तक सीमित हैं, इसके बाद वे क्षेत्र की ओर कोई ध्यान नहीं देते। सरकार पैसे की कोई कमी नहीं होने और विकास कार्यों की झड़ी लगाने की बात करती हैं, अधिकारी जानबूझकर सरकार को बदनाम और जनता को परेशान कर रहे हैं। पांच वर्ष से बागकोठी गली नंबर एक निवासी सीवरेज समस्या से जूझ रहे हैं और कोई सुनने वाला नहीं हैं।

#### समधान महज आश्वासन तक सिमटा

करीब साढे चार माह पहले नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मौका मुआयना किया था और गली में सीवरेज ब्लॉकेज का स्थायी समाधान के लिए एक मैनहॉल बनाने की बात कही थी, लेकिन उक्त समस्या के स्थायी समाधान के लिए मैनहॉल बनाने का आश्वासन महज हवाई साबित हुआ, लेकिन धरातल पर उस पर कोई काम नहीं हुआ, जिसकारण पुनः सीवरेज ब्लॉकेज की समस्या सामने आ गई हैं।

#### ऑनलाइन शिकायत पर खानापूर्ति

मनोज जिंदल व संदीप मित्तल ने बताया कि सीवरेज समस्या को लेकर वे विधायक, नप चेयरपर्सन, एसडीओ व जेई से फोन कर चुके हैं, लेकन समाधान नहीं हो रहा। ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत करने के लिए दो मोबाइल नंबर दिए हुए हैं, जो महज खानापूर्ति के लिए हैं, समाधान के लिए नहीं। उक्त नंबरों पर फोन करने से या तो फोन उठाते नहीं और उठाते भी हैं तो कोई समाधान नहीं करते, जिन्हें बंद कर देना चाहिए। सरकार को चाहिए कि वे लोगों की समस्याओं का समाधान करें, ड्रामेबाजी न करें।

#### गंदा पानी जमा होने से परेशानी

आएदिन सीवरेज ब्लॉकेज होने से गली में गंदा जमा हो जाता हैं, जो बदबूदार हैं। गंदे पानी में सारा दिन मक्खी मच्छर बैठते हैं और बाद में वहीं मक्खी मच्छर घरों में घुसकर लोगों को काटते हैं और खाने पीने की वस्तुओं पर बैठकर बीमारियां फैलाते हैं। गंदे पानी की वजह से गली में अनेक लोग बीमारी का शिकार हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों को गंदगी की वजह से डेंगू, मलेरिया फैलने का भय भी सताने लगा हैं।

## नेत्र अस्पताल के पास सीवर व्यवस्था ठप




भिवानी। ठप सीवरेज व्यवस्था के विरोध में नारेबाजी करते जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश व क्षेत्रवासी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- एसडीओ ने तीन दिन में ठप सीवरेज व्यवस्था ठीक करवाने का दिया आश्वासन: कामरेड

सेठ किशनलाल जालान नेत्र अस्पताल के पास एक वर्ष से ठप पड़े सीवरेज की दुर्दशा को लेकर दुकानदारों ने जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के लापरवाह रवैये के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जनसंघर्ष समिति के संयोजक व सीपीआईएम जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश व समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सीवरेज पिछले एक वर्ष से ठप है, जिससे स्थानीय दुकानदारों व आम राहगीरों को आने-जाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। आमतौर पर तंग रोड होने व ठप सीवरेज की वजह से रोड पर जाम लगा रहता है। उक्त समस्या की शिकायत दुकानदारों ने विधायक सर्राफ व नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कई बार की, लेकिन विभाग की लापरवाही का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग के ठप सीवरेज के गंदे पानी को निकालने के लिए पिछले एक वर्ष से ईंजन ट्रैक्टर लाखों रुपये खर्च हो चुके है, लेकिन विभाग ठप सीवरेज को ठीक नहीं कर पाया। विभाग के एसडीओ सूर्यप्रकाश से जब कामरेड ओमप्रकाश ने टेलीफोन से संपर्क किया तो उन्होंने तीन दिन में ठीक करवाने का आश्वासन दिया है।



भिवानी। साधकों को योग करवाते जेई बिजेश जावला। फोटो: हरिभूमि

## योग साधकों ने लिया संकल्पः स्वच्छता और पर्यावरण की करेंगे रक्षा

**भिवानी।** कोंट रोड मिनी बाईपास स्थित दक्षिण काली नव दुर्गा मंदिर परिसर में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा आयोजित निःशुल्क योग कक्षा के दौरान विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता रहा। सुबह पांच बजे योग कक्षा का नेतृत्व कर रहे योगाचार्य जेई बिजेश जावला ने साधकों को पर्यावरण बचाने, स्वच्छता अपनाने व सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी नहीं फैलाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, यह हमें प्रकृति और समाज के प्रति भी जागरूक बनाता है। हमें अपने घर, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने का बीड़ा उठाना चाहिए। मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी ने कहा कि मंदिर न केवल धार्मिक केंद्र है बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारियों को निभाने का माध्यम भी है। पर्यावरण की रक्षा, जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में संस्था लगातार प्रयासरत है। संस्था द्वारा समय-समय पर पौधरोपण, सफाई अभियान, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण और रक्तदान शिविर जैसे अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए जाते हैं।

## दो दिवसीय म्यूजिक प्रतियोगिता और वर्कशॉप में जमकर थिरके कलाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स विभाग के सौजन्य से कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता में दो दिवसीय म्यूजिक प्रतियोगिता एवं वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में डॉ. तरसेम लाल शर्मा,डॉ रविंद्र कौर, विजय भाटोटिया ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के कन्वीनर विश्वविद्यालय के परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स विभाग के चेयरपर्सन डॉ हुकमचंद थे । कार्यक्रम में डीन प्रो संजीव कुमार, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो डीके मदान, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मलिक डीन मानवीय संकाय प्रो विपिन कुमार जैन की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में सीडीएलयू सिरसा से डॉ संध्या वशिष्ठ तथा डॉ लीला सैनी ने शिरकत की। इस अवसर पर कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा प्रयास सार्थक हो रहा है। म्यूजिक दिल से दिल की राह बनाता है। शिक्षा लाइफ लांग लर्निंग है। पढ़ने और सीखने की कोई उम्र नहीं होती। आइए किसी न किसी रूप में विश्वविद्यालय से जुड़िए। किसी विश्वविद्यालय की जान उसके विद्यार्थी होते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी इस विश्वविद्यालय की विकास यात्रा के सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में म्यूजिक एवं विजुअल आर्ट्स विभाग बनाया गया है जिसमें एम.ए म्यूजिक के साथ म्यूजिक में कई डिप्लोमा कोर्सेज शुरू किए गए हैं, जिनमें दाखिला लेकर विद्यार्थी अपना भविष्य बेहतर बना सकते हैं। कन्वीनर डॉ हुकमचंद ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और कार्यशाला की विस्तृत जानकारी दी।



भिवानी । सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती देते हुए।

## सीमा दूसरी बार बनी कष्ट निवारण समिति की सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



अग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. की चेयरपर्सन सीमा बंसल को लगातार दूसरी बार जिला जनसंपर्क एवं कष्ट निवारण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति उनकी जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता और समाज में उनके सक्रिय योगदान का परिणाम है। वही अपनी नियुक्ति पर सीमा बंसल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, सांसद चौ. धर्मबीर सिंह, विधायक घनश्याम सर्राफ, भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक का आभार जताया।

बता दे कि सामाजिक कार्यकर्ता सीमा बंसल पिछले कई वर्षों से अग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट सहित विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से जुडी हुई हैं। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व में ट्रस्ट ने शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इस अवसर पर सीमा बंसल ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हे एक बार फिर जनसेवा का अवसर मिला है तथा वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी तथा जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने और उनके समाधान में हर संभव प्रयास करेंगी।

## पॉवर लेस विधायकों से विकास की उम्मीद कोसों दूरः डॉ. मनीषा सांगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- अफसर बेलगाम और जनता परेशान: सांगवान

कांग्रेस वरिष्ठ नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा कि भाजपा के पावर लेस विधायकों से विकास की उम्मीद कोसों दूर है, जब सरकार में विधायकों की सुनवाई नहीं होती तो वो आम जनता का भला कैसे कर सकते हैं। अधिकारी विधायक के बैठने के लिए कमरा तक नहीं खोलते, ऐसी सरकार से प्रदेश में विकास की उम्मीद करना बेइमानी है। विधायक को भी नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा कि बाढ़डा से विधायक उमेद पातुवास के बोलने के बाद भी बीडीपीओ ने कमरा खोलने के लिए मना कर दिया। सत्ताधारी विधायक को घंटों तक अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली से खफा होकर धरना देना पड़ा। यह प्रकरण सरकार की विफलता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि पावर लेस विधायकों और सरकार की पोल जनता के सामने खुल चुकी है। अब तक भाजपा विधायकों ने केवल दिखावा किया था, मगर अब सच्चाई जनता के समक्ष आ चुकी है।

उन्होंने कहा कि सरकार में अफसरशाही पूरी तरह हावी है। लोगों के काम नहीं हो रहे। सरकारी कार्यालयों में लोग धक्के खाने को मजबूर हैं। ईमानदारी को ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। नौकरियों के नाम पर युवाओं को गुमराह किया जा रहा है।

## डेरा जगमाल वाली के महंत ने सत्संग में किया प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डेरा जगमाल वाली से पहुंचे महंत बीरेंद्र सिंह ने हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में एक विशाल रूहानी सत्संग को संबोधित किया। यह जानकारी देत हुए समाजसेवी रमेश सैनी ने बताया कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े, जिन्होंने महाराज श्री के प्रवचनों को ध्यानपूर्वक सुना और आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। कार्यक्रम में सान्निध्य बालयोगी महंत चरणदास महाराज का रहा। महंत बीरेंद्र सिंह महाराज ने अपने संबोधन में प्रेम, भाईचारा, सेवा और भक्ति के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के भौतिकवादी युग में मनुष्य को आध्यात्मिक शांति और आंतरिक संतोष की नितांत आवश्यकता है। महाराज ने श्रोताओं को अच्छे कर्म करने, दूसरों की सहायता करने और ईश्वर में आस्था रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सच्चा सुख त्याग और दूसरों की भलाई में निहित है। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि नशा जैसी सामाजिक बुराई तरक्की में बहुत बड़ी बाधक है। इसीलिए नशे से दूर रहकर ही अपने परिवार के साथ-साथ देश की तरक्की भी सुनिश्चित कर सकते है। इसके साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। महंत बीरेंद्र सिंह महाराज के प्रवचनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके प्रेरक विचारों से जनसमूह भावुक हो उठा और कई लोगों की आंखों में अश्रु धारा बह निकली। सत्संग के दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिसने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। सत्संग के समापन पर महंत बीरेंद्र सिंह महाराज ने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया और उन्हें धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।



भिवानी । सत्संग में उपस्थित श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

पुलिस पब्लिक समन्वय समिति की बैठक में दी महत्वपूर्ण जानकारी

# मकान मालिक बिना वैरिफिकेशन के न रखें किरायेदार: धीरज कुमार

- कांव यात्रा के दौरान शिव भक्तों को न हो परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

वीरवार को उप पुलिस अधीक्षक धीरज कुमार की अध्यक्षता में गठित पुलिस-पब्लिक तालमेल समिति व कम्युनिटी लायजनिंग ग्रुप के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में महिला सुरक्षा, असामाजिक तत्वों पर रोक और पुलिस सुरक्षा बढ़ाई जाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। डीएसपी ने बताया कि कुछ दिन में कावड़ यात्रा शुरु होने वाली है। इस अवसर पर आवारा, शरारती किस्म व युवा मोटरसाइकिल के साइलेंसरों को हटवाकर या मोडिफाई करवाकर, तेज आवाज में हॉर्न बजाकर सड़कों पर हुडदंगबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग शराब पीकर तेज आवाज में लाउड स्पीकर बजाते और झगड़ा करते हैं, ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए शहर, कस्बों तथा गांवों में त्यौहार के दौरान पुलिसबल को तैनात किया जाएगा। सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने क्षेत्राधिकार में कावड़ यात्रा के अवसर पर कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए निर्देश दिए जाएंगे। शहर, कस्बों व गांवों के कुछ मुख्य स्पॉट जैसे चौक, ईवीई टीजिंग स्पॉट, स्कूल-कॉलेज, बस स्टैंड आदि को चिन्हित किया है, जहां पुलिस गश्त को बढ़ाया जाएगा। प्रबंधक थाना यातायात व जिले के सभी पुलिस नाका इंचार्ज को त्यौहार के मध्येनजर संदिग्ध वाहनों की गहनता से चैकिंग करने, आवारा व मनचले किस्म के वाहन चालकों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों, पटाखा बजाने वाले बुलेट मोटरसाइकिलों, हुड़दंगबाजी करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस कोई कसर नहीं छोड़ेगी।



भिवानी। पुलिस-पब्लिक तालमेल समिति की बैठक में डीएसपी व सदस्य।

#### गांवों व वार्डों में लगाए जाएं सीसीटीवी

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने मौजूद सीएलजी कमेटी के सदस्यों से को अपराध और अपराधियों पर रोक लगाने और शांति व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस का सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गांवों तथा वार्डों के सभी चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। यह सुनिश्चित करें कि वे सभी चालू हालत में होने चाहिए। डीवीआर का डेटा ऑनलाइन भी सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि कैमरे हर समय काम करते हैं, जिससे आपराधिक गतिविधियों पर निगाह रखी जा सकती है। सीसीटीवी कैमरों की नजर से अपराधी बच नहीं सकता।

#### दिए निर्देश

उप पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपने मकान में रहने वाले किरायेदारों की पुलिस वैरिफिकेशन अवश्य करवाएं, साथ ही ग्रामीणों को भी इस बारे में जागरुक करें। बिना पुलिस वैरिफिकेशन किसी भी व्यक्ति को किराए पर घर न दें।

## जुलाई में बीएलओ के लिए आयोजित होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

**लोहारू।** लोहारू विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल ने बताया कि जुलाई माह में पांच दिनों के लिए बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जुलाई माह की 10 व 11 जुलाई तथा 14 से 16 जुलाई तक होने वाला प्रशिक्षण कार्यक्रम बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिसमें बूथ लेवल अधिकारियों को कर्तव्यों और दायित्वों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। कार्यक्रम में तहसीलदार कम निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एक तथा नायब तहसीलदार को सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी दो नियुक्त किया गया है।